छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल

पर्यावास भवन, सेक्टर – 19,
नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.) 492002
e-mail - hocecb@gmail.com

क्रमांक /तक/मु./ छ.ग.पं.सं.मं./2020 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक / /2020

—:: कार्यालय आदेश ::—

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा Ease of Doing Bussiness के अंतर्गत आवेदन पत्रों का सरलीकरण, स्वीकृति/अनुमोदन हेतु वांछित प्रक्रियाओं का सरलीकरण, प्रक्रियाओं के लिए समय–सीमा का निर्धारण आदि के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये हैं। जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार आवेदन का निराकरण 90 दिन की अवधि में, ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार आवेदन का निराकरण 120 दिन की अवधि में एवं अपशिष्ट प्लास्टिक नियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार आवेदन का निराकरण 120 दिन की अवधि में किया जाना है। Ease of Doing Business के तहत् उक्त आवेदनों के निराकरण की समयसीमा को 60 दिन किये जाने का निर्णय लिया गया है।

तद्नुसार उद्योगों/चिकित्सा सुविधा संस्थानों (Health Care Facilities) के प्राधिकार तथा प्राधिकार नवीनीकरण एवं पंजीयन तथा पंजीयन नवीनीकरण के प्रकरणों का निराकरण पूर्ण आवेदन के प्राप्त होने की तिथि से 60 दिन की अवधि में अनिवार्य रूप से किया जावे। उक्त आदेश का तत्काल प्रभाव से पालन सुनिश्चित किया जावे।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक 8072/तक/ मु/छ.ग.प.सं.मं/2020 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 11/12/2020

प्रतिलिपि :—

1. समस्त अधिकारी, मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित।
2. क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर/दुर्ग–भिलाई/बिलासपुर/रायगढ़/कोरबा/अंबिकापुर/जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

C:\Users\MS\Desktop\Office Order (Ease Of Doing Bussiness).Doc